श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तथा विधान परिषद प्रथम सत्र-2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर-

प्रश्न	**उत्तर**
19 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश सचिवालय में कार्यरत वर्ष 1998 के बाद सहायक समीक्षा अधिकारि/समीक्षा अधिकारियों को विनियमित/स्थायी कर दिया गया है?	जी हाँ। उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा संवर्ग में वर्ष 1998 के बाद कार्यरत पात्र सहायक समीक्षा अधिकारियों/समीक्षा अधिकारियों को विनियमित/स्थायी कर दिया गया है। कतिपय सहायक समीक्षा अधिकारियों/ समीक्षा अधिकारियों के अभिलेख अपूर्ण होने, परिवीक्षा अवधि पूर्ण नहीं होने तथा उत्तरांचल विकास विभाग द्वारा दैनिक वेतनकर्मी के रूप में नियुक्त कार्मिको का प्रकरण मा0 न्यायालय में लम्बित होने के कारण उनका स्थायीकरण नहीं किया जा सका है।
(ख) यदि नहीं, तो सचिवालय के सहायकों हेतु नियमावली में संशोधन कराते हुए वर्ष 1998 के बाद अस्थायी रूप से नियुक्त लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत सचिवालय कर्मियों को तीन वर्ष के भीतर विनियमितीकरण/ स्थायीकरण करायेंगे?	प्रश्न नहीं उठता।
(ग) यदि हाँ, तो विसंगतियों को ठीक कर नियमावली संशोधित कराते हुए अस्थायी रूप से नियुक्त किये गये समस्त सहायकों/सहायक समीक्षी अधिकारियों/समीक्षा अधिकारियों को वर्ष 1998 के बाद से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के उपरान्त स्थायी करायेंगे?	प्रश्न नहीं उठता।
(घ) यदि हाँ, तो कब तक?	प्रश्न नहीं उठता।
(ड़) यदि नहीं, तो क्यों?	प्रश्न नहीं उठता।

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।